अभिरूचि की अभिव्यक्ति

समेकित वाटरशेड प्रबन्धन कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुश्रवण, मूल्यांकन, सीख एवं अभिलेखीयकरण (Montoring, Evaluation, Learning and Documentation) के लिए सलाहकार संस्था के चयन हेतु आमंत्रण।

परती भूमि विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के तत्वाधान में भारत सरकार के **"समान मार्गदर्शी सिद्धान्त 2008 (संशोधित 2011)"** के अधीन संचालित 'समेकित जल संचय प्रबन्धन कार्यक्रम' (आई.डब्ल्यू.एम.पी.) की राज्य स्तरीय नोडल एजेन्सी (एस.एल.एन.ए.) समेकित जल संचय प्रबन्धन कार्यक्रम का संचालन प्रदेश स्तर पर कर रही है। कार्यक्रम के सामान मार्गदर्शी सिद्धान्त की पूर्वापेक्षा के अनुसार कार्यक्रम की परियोजनाओं के समस्त कार्यों के गुणात्मक परीक्षण के उद्देश्य से अनुश्रवण, मूल्यांकन, सीख एवं अभिलेखीयकरण (ME&LD) के लिए एक ऐसी सलाहकार संस्था/एजेन्सी का चयन होना है जिसके पास भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS), सुदूर संवेदन प्रणाली (Remote Sensing) का विशिष्ट ज्ञान तथा समेकित जल संचय प्रबन्धन कार्यक्रम के अनुश्रवण एवं मूल्यांकन का वृहद अनुभव हो।

राज्य स्तरीय नोडल एजेन्सी (एस.एल.एन.ए.) ऐसी प्रतिष्ठित तथा समेकित जल संचय प्रबन्धन कार्यक्रम के अनुश्रवण एंव मूल्यांकन का विशेष अनुभव रखने वाली संस्थाओं/एजेन्सियों में उपरोक्त कार्य के लिए निविदा हेतु निम्न शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित करता है।

1. आवेदक संस्था को समेकित जल संचय प्रबन्धन कार्यक्रम (आई.डब्ल्यू.एम.पी.) के समस्त प्राविधानों तथा पंचायती राज्य व्यवस्था सम्बन्धित प्रत्येक पहलू की जानकारी तथा अनुभव होना आवश्यक है।
2. आवेदक संस्था को एस.एल.एन.ए. के साथ समन्वय हेतु अनुश्रवण, मूल्यांकन, सीख एवं अभिलेखीकरण में व्यापक अनुभव रखने वाला एक राज्य स्तरीय समन्वयक रखना अनिवार्य होगा।
3. संस्था को प्रदेश एवं जनपद स्तर पर अलग–अलग निम्नलिखित अनुभवी एंव योग्य विषयवस्तु विशेषज्ञ रखने होंगेः–
   1. एक अनुश्रवण, मूल्यांकन विशेषज्ञ।
   2. प्राकृतिक संसाधन/पर्यावरण विज्ञान विशेषज्ञ।
   3. सामाजिक विज्ञान विशेषज्ञ।
   4. जी.आई.एस., रिमोट सेंसिंग तथा आई.टी. विशेषज्ञ।
   5. सांख्यिकी विशेषज्ञ।
   6. जल विज्ञान एवं जल संसाधन विशेषज्ञ।
   7. अभिलेखीयकरण विशेषज्ञ।

उपरोक्त उद्देश्य के लिए **"प्रस्ताव के लिए आवेदन"** (RFP) का आवेदन पत्र परती भूमि विकास विभाग, उ0प्र0 की वेबसाइट (http://upldwr.up.nic.in) पर उपलब्ध है। आवेदक निविदा के अनुबन्ध की शर्तो (TOR) के साथ सम्बन्धित आवेदन पत्र वहाँ से डाउनलोड कर सकते है या राज्य स्तरीय नोडल एजेन्सी के आठंवा तल, एल्डिको कारपोरेट टॉवर, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ स्थित कार्यालय से रू0 5,000.00 (रू0 पॉच हजार मात्र) के मूल्य पर कार्यदिवस के दौरान दिनांक 01.02.2016 के अपरान्ह 12.00 बजे प्राप्त कर सकते है। यदि आवेदन पत्र व प्रपत्र डाउनलोड करके जमा किये जाते है तो आवेदक को आवेदन पत्र जमा करने के समय उपरोक्त राशि का

भुगतान राज्य स्तरीय नोडल एजेन्सी को करना होगा। आवेदन में तकनीकी तथा वित्तीय कोटेशन अलग–अलग लिफाफों में बन्द कर एक साथ एक बन्द लिफाफे/पैकेट में जमा करना होगा।

उपरोक्त प्रस्ताव एंव वित्तीय कोटेशन एस.एल.एन.ए. कार्यालय में दिनांक 01.02.2016 के अपरान्ह 15.00 बजे तक जमा करना होगा। आवेदन पत्र के साथ रू0 2,00,000.00 (रू0 दो लाख मात्र) की सिक्योरिटी बिड डिमाण्ड ड्राफ्ट, जो **''मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एस.एल.एन.ए., एल्डिको कारपोरेट टॉवर, विभूतिखण्ड गोमतीनगर, लखनऊ''** के पक्ष में देय हो, जमा करना आवश्यक है। कोई भी आवेदन/प्रस्ताव/निविदा उपरोक्त सिक्योरिटी बिड डिमाण्ड ड्राफ्ट के बिना स्वीकार नही किया जायेगा। अधूरे तथा शर्तों का अनुपालन न करने वाले आवेदन पत्र स्वतः निरस्त कर दिये जायेंगे।

आञ्जनेय कुमार सिंह
मुख्य कार्यकारी अधिकारी